राज्यपाल सचिवालय
लोकभवन राजस्थान

गणतंत्र दिवस पर लोकभवन में एट होम आयोजित

जयपुर, 26 जनवरी। लोकभवन में 77वें गणतंत्र दिवस पर सोमवार को राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी के सान्निध्य में एट होम आयोजित हुआ। सभी ने राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से मुलाकात कर गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

एट होम में उप मुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी, श्री प्रेमचंद बैरवा, मंत्रिमंडल के सदस्य, सांसद, विधायक, विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट हस्तियां, अधिकारी, गणमान्यजन आदि सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री वी श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक श्री राजीव कुमार शर्मा, जनप्रतिनिधि, कुलगुरु, प्रशासन, पुलिस और सेना के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षाविद, न्यायाधिपतिगण, समाजसेवी, मीडिया के प्रतिनिधि और विशिष्टजन उपस्थित थे।

———————